Printed from
नवभारत टाइम्स
Navbharat Times - Breaking news, views. reviews, cricket from across India

अथॉरिटी चेयरमैन ने तैयार किया फ्यूचर प्लान

28 Dec 2010, 0400 hrs IST

प्रमुख संवाददाता ॥ नोएडा

नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेस-वे अथॉरिटी के चेयरमैन मोहिंदर सिंह ने तीनों अथॉरिटी के एरिया में अगले 50 साल की प्लानिंग को लेकर फ्यूचर विजन तैयार कर दिया है। उन्होंने कहा है कि साल 2011 में कुछ ऐसे प्रोजेक्ट शुरू होने वाले हैं, जिनसे इस एरिया को न केवल एनसीआर बल्कि पूरे विश्व का बेहतरीन क्षेत्र बनाया जा सकेगा।

नोएडा से जेवर एयरपोर्ट तक सीधे 130 मीटर चौड़ी लगभग 40 किलोमीटर लंबी सड़क तैयार कराई जा रही है। इन नए प्रोजेक्टों में नोएडा-ग्रेटर नोएडा को गाजियाबाद, हापुड़, बुलंंदशहर, गुलावठी, सिकंद्राबाद और फरीदाबाद के साथ लिंक किया जा सकेगा। अगले कुछ वर्षों में ओखला बैराज से आगे यमुना नदी पर वैसे तो हर 5 या 6 किलोमीटर की दूरी पर पुल बनेंगे। फिलहाल 4 नए पुलों का निर्माण प्लान में शामिल है। डीएनडी के पास बैराज के पास नए पुल को डीएनडी से क्लियरेंस दे दी है। इससे हरियाणा के फरीदाबाद और बल्लभगढ़ जैसे शहरों के लोगों को नोएडा और ग्रेटर नोएडा पहुंचने में कोई दिक्कत नहीं होगी। जुलाई से नोएडा-ग्रेटर नोएडा के बीच मेट्रो की लाइन पर निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

जुलाई में शुरू होगा मेट्रो प्रॉजेक्ट

सेक्टर-6 स्थित अथॉरिटी के प्रशासनिक कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में मोहिंदर सिंह ने बताया कि साल 2010 में डिवेलपमेंट के कई प्रोजेक्ट शुरू हुए हैं। गौतमबुद्ध यूनिवर्सिटी हर लिहाज से चालू हुई है। एजुकेशन और हेल्थ के सेक्टर में भी प्रोग्रेस हुई है। अफोर्डेबल हाउसिंग और ग्रीन डिवेलपमेंट के मामले में भी अथॉरिटी ने बेहतरीन काम किया है। साल 2011 की चर्चा करते हुए मोहिंदर सिंह ने बताया कि नोएडा से ग्रेटर नोएडा के बीच मेट्रो प्रोजेक्ट का आरएफपी तैयार हो गया है। फरवरी में टेंडर का प्रोसेस शुरू हो जाएगा। जुलाई में मेट्रो प्रोजेक्ट पर निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। मोहिंदर सिंह ने बताया कि नोएडा और ग्रेटर नोएडा में दोनों सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल भी जुलाई में शुरू हो जाएंगे। इसके अलावा चारों इंटर कॉलेजों में हॉस्टल पूरी तरह से चालू स्थिति में होंगे। गौतमबुद्ध यूनिवर्सिटी में 2 नए कोर्स शुरू होंगे। इनका चयन अगले कुछ दिनों में कर लिया जाएगा। फिलहाल गौतमबुद्ध यूनिवर्सिटी में 4 कोर्स चल रहे हैं। यूनिवर्सिटी का सारा काम पूरा करने का टारगेट टाइम अब दिसंबर 2013 की बजाय मार्च 2012 कर दिया गया है।

सड़कों का बिछेगा जाल

तीनों अथॉरिटी के चेयरमैन ने कहा कि हम पचास साल की प्लानिंग के लिहाज से काम कर रहे हैं। नोएडा में ट्रांसपोर्ट नगर , नोएडा स्टेडियम और सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्राथमिकताओं में है। इनके अलावा गंगाजल , सीवरेज सिस्टम सुधारने और बिजली के सप्लाई नेटवर्क को भी मजबूत किया जाएगा। यमुना नदी के किनारे पर ओखला बैराज से जेवर तक रेलवे व सड़क का कॉरिडोर होगा। नोएडा एक्सटेंशन से 130 मीटर चौड़ी सड़क इस तरह से तैयार कराई गई है कि यह राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर 24 से लिंक होती हुई सीधे जेवर एयरपोर्ट तक पहुंचेगी।

चालीस किलोमीटर लंबी इस रोड के एक तरफ ग्रीन बेल्ट होगी जबकि दूसरी तरफ कमर्शल एरिया होगा। इस सड़क का इस्तेमाल बीआरटी कॉरिडोर , मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट , मेट्रो लिंक के रूप में भी होगा। बोडाकी रेलवे स्टेशन और मारीपत रेलवे स्टेशन से लिंक करते हुए ऐसी सड़कें बनेंगी जो ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे में जाकर मिलेंगी। इसी तरह वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से यहां लॉजिस्टिक हब डिवेलप होने की संभावना होंगी। इसी तरह एक सड़क बोडाकी से होती हुई पहले ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस - वे में मिलेगी इसके बाद यही हापुड़ की तरफ चली जाएगी। इस सड़क के बन जाने के बाद हापुड़ से ग्रेटर नोएडा की दूरी घटकर 20 से 25 किलोमीटर रह जाएगी। इसी तरह गुलावठी , सिकंद्राबाद - दनकौर को भी ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस - वे से कनेक्ट किया जाएगा।

यमुना के पास होगा ग्रीन गलियारा

मोहिंदर सिंह ने बताया कि यमुना नदी और यमुना एक्सप्रेस - वे के बीच खाली जमीन पर कोई भी कंस्ट्रक्शन वर्क नहीं होगा। यह एरिया पर्यावरण की दृष्टि से ग्रीन गलियारा होगा। यहां रिक्रेशन ग्रीन एरिया डिवेलप होगा इसमें गोल्फ कोर्स व अन्य टूर एंड ट्रैवल के हिसाब से प्रोजेक्ट ही स्वीकार होंगे। रेजिडेंशल , कमर्शल , इंस्टिट्यूशनल एरिया सिर्फ यमुना एक्सप्रेस - वे के लेफ्ट साइड में ही होगा।

नहीं होगी 18 मीटर से छोटी सड़क

चेयरमैन मोहिंदर सिंह ने साफ किया कि अभी तक नोएडा के सेक्टरों में 9 मीटर चौड़ी सड़कें होती थी मगर नोएडा , ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेस वे की कॉमन पॉलिसी में अब सेक्टरों के अंदर की सड़कें 18 मीटर से छोटी नहीं होंगी। एक सेक्टर से दूसरे सेक्टर के बीच वाली सड़क भी 60 मीटर चौड़ी होगी।

Recommend Be the first of your friends to recommend this.

इस आर्टिकल को फेसबुक पर शेयर करें।
इस आर्टिकल को ट्वीट करें।

देश-दुनिया की खबरें विडियो में। देखने के लिए क्लिक करें।

About Us | Advertise with Us | Terms of Use | Privacy Policy | Feedback | Sitemap
Copyright © 2010 Bennett Coleman & Co. Ltd. All rights reserved. For reprint rights: Times Syndication Service
This site is best viewed with Internet Explorer 6.0 or higher; Firefox 2.0 or higher at a minimum screen resolution of 1024x768